हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

9 दिसंबर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार

- केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा - इंडिगो की हाल की संचालक सम्बन्धी विफलताओं से उत्पन्न व्यवधान तेजी से स्थिर हो रहा है।
- पंचकूला में चल रहा चार दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव , "नारी शक्ति" को समर्पित विशेष सत्र के साथ संपन्न हुआ।
- 11 वें अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में अंतरिक्ष प्रोद्योगिकी , आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, और क्वान्टम प्रोद्योगिकी जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई ।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सिंह ने कहा की चिकित्सकों के साथ उनकी हड़ताल को लेकर बातचीत की गई - जल्द हल निकाल आएगा ।
- आत्मनिर्भर भारत अभियान रथ यात्रा अंबाला शहर से आगे के गंतव्य के लिए रवाना हुई - पूर्व मंत्री असीम गोयल ने लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील की ।

*********************************************************************

केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो की हाल की संचालन संबंधी विफलताओं से उत्पन्न व्यवधान अब तेज़ी से स्थिर हो रहा है। उन्होंने दोहराया कि सरकार मज़बूत विमानन प्रणाली बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इंडिगो के मौजूदा संकट पर लोकसभा में श्री नायडु ने बताया कि इंडिगो को पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने विमानन कंपनी को नोटिस जारी किया है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर कड़ी तथा उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी बड़ी विमानन कंपनी क्यों न हो, किसी को भी योजना की विफलताओं और गैर-अनुपालन के कारण यात्रियों के लिए ऐसी कठिनाई पैदा करने नहीं दी जाएगी। श्री नायडू ने कहा कि स्थिति सामान्य होने तक सरकार पूरी तरह सतर्क रहेगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा और सम्मान की रक्षा की जा रही है तथा देश के विमानन क्षेत्र को और अधिक यात्रियों के अनुकूल बनाने के लिए दीर्घकालिक उपाय किए जा रहे हैं। श्री नायडू ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस व्यवधान के लिए अंदरूनी रोस्टरिंग संबंधी समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सदन को बताया कि यात्रियों को 750 करोड़ रुपये से ज़्यादा की राशि पहले ही वापस कर दी गई है और बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के दुबारा बुकिंग पूरी कर ली गई है।

सदन में विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की और बाद में सदन से वॉकआउट कर दिया।

विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि नागरिक विमानन में सुरक्षा पूरी तरह से अपरिहार्य है और भारत सुरक्षा के वैश्विक मानकों के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

*************************************************************************

पंचकूला में चल रहा चार दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव –आई आई एस एफ आज सम्पन्न हो गया। महोत्सव के आखिरी दिन नारी शक्ति को समर्पित एक विशेष सत्र का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवा छात्राओं ने हिस्सा लिया।

इस सत्र में विशेषज्ञों के एक पैनल ने "महिलाओं का विकास से विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास" विषय पर चर्चा की। सत्र की शुरुआत नासिक के महाराष्ट्र स्वास्थ्य एंव विज्ञान विश्वविद्यालय की कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल माधुरी कानिटकर और भारतीय विज्ञान एंव अनुसंधान परिषद के भारतीय रसायन जीव विज्ञान संस्थान की निदेशक प्रो. विभा टंडन ने विज्ञान के इकोसिस्टम में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर गहन चर्चा की।

लेफ्टिनेंट जनरल माधुरी कानिटकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार इस बात पर ज़ोर दिया है कि महिलाओं के नेतृत्व के बिना भारत की तरक्की अधूरी है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, सामूहिक काम और हिम्मत से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया, और चुनौतियों को मौकों में बदलने का आग्रह किया।

प्रो. विभा टंडन ने आपसी मदद के महत्व पर ज़ोर दिया, और बताया कि विज्ञान में संतुलित इकोसिस्टम में पुरुष और महिला दोनों योगदान देते हैं। उन्होंने महिलाओं के लेकर सोच में बदलाव की ज़रूरत पर बल दिया।

भारतीय जल प्रबंधन संस्थान कीकार्यकारी निदेशक , प्रो. बिनीशा, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफ़ेसर मंजुषा राजगोपाल और विश्व बैंक से तनुश्री भौमिक ने भी चर्चा में भाग लिया।

*************************************************************************

भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव युवाओं को आकर्षित करने में सफल रहा । महोत्सव के सभी सत्रों में छात्रों की वैज्ञानिकों एवं नवप्रवर्तकों से बातचीत हुई। युवाओं को जैविक आर्थिकता जैसे भविष्योन्मुखी विषयों पर चर्चाओं में भाग लेने का मौका भी मिला। सरकार के विज्ञान विभागों एवं मंत्रालयों की प्रदर्शनियां भी खासी प्रभावशाली रहीं।आइआइएसएफ के आयोजन का उद्देश्य युवाओं में विज्ञान के विभिन्न विषयों के प्रति जिज्ञासा जगाना और विज्ञान-प्रौद्योगिकी में रुचि बढ़ाना था।

************************************************************************

पंचकुला में आज सम्पन्न हुए 11वें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में अंतरिक्ष प्रोद्योगिकी और हिमालय में बढ़ते असंतुलन क्वांटम प्रोद्योगिकी और आर्टिफिशल इंटेलीजेंस जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई ।

इसी प्रकार हिमालय क्षेत्र में हो रहे बदलावों से पर्यावरण में पड़ रहे प्रभावों पर चर्चा को लेकर प्रोफेसर डॉ हेमवती नंदन ने कहा कि हिमालय से संबंधित जो भी विकास कार्य किए जा रहे है उसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए।

प्रोफेसर डॉ नरेंद्र सिंह ने कहा कि हिमालय के मूल स्वरूप को बनाए रखने की आवश्यकता है।

************************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सिंह ने कहा है कि प्रदेश में चिकित्सकों के साथ उनकी हड़ताल को लेकर बातचीत की गई है। जल्दी इसका हल निकल आएगा।

************************************************************************

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने हरियाणा में चल रही आत्मनिर्भर भारत अभियान रथयात्रा को आज अम्बाला शहर से आगे के गंतव्य के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने दुकानदारों व अन्य लोगों को स्वदेशी अपनाने व बेचने की अपील की।

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए जन भागीदारी बेहद आवश्यक है।

************************************************************************